राज्य वन अनुसंधान संस्थान एवं स्वायत्तशासी महिला होम साइंस एवं साइंस कॉलेज, जबलपुर के मध्य शिक्षा एवम अनुसंधान क्षेत्र में आपसी सहयोग हेतु एमओयू

दिनांक 06.05.2024 को राज्य वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर एवं स्वायत्तशासी महिला होम साइंस एवम साइंस कॉलेज, जबलपुर के बीच फॉरेस्ट्री, बॉटनी, जूलॉजी, पर्यावरण विज्ञान आदि विषयों पर आपसी सहयोग हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान संस्थान के संचालक, श्री प्रदीप वासुदेवा, उप संचालक एवं कार्यालय प्रमुख श्री रविन्द्र मणि त्रिपाठी, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 शैलेंद्र तिवारी, डॉ0 अर्चना शर्मा तथा वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी श्री एस एस रघुवंशी, डॉ0 उदय होमकर उपस्थित थे। होम साइंस कॉलेज से डॉ0 साधना केशरवानी, प्रभाग प्रमुख जूलॉजी, डॉ0 रश्मि सिरोरे एवं डॉ0 अर्जुन शुक्ला उपस्थित रहे। इस एमओयू से जहां होम साइंस कॉलेज के विद्यार्थियों को अध्ययन कार्य में मार्गदर्शन प्राप्त होगा वही अनुसंधान क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ेगा।